RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

माली सैनी सन्देश

वर्ष : 15 अंक : 182 28 अगस्त 2020 मूल्य : 20/-

समाज के
युवा प्रशासनिक अधिकारी
जिन पर समाज को गर्व है

अश्रुपूरित

श्रद्धांजली



समाज गौरव आदरणीय

श्रीमान बाबूलाल जी टाक

सीनियर सब एडिटर राजस्थान पत्रिका का हुआ निधन।
बाबूलाल जी के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।
माली सैनी संदेश परिवार दिवंगत आत्मा की शांति के साथ ईश्वर से
प्रार्थना करते है कि उन्हें अपने श्री चरणों मे स्थान दे और
परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्तिप्रदान करें।

श्रद्धानवतः

माली सैनी सन्देश

www.malisainisandesh.com

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831 Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 15 ● अंक 182 ● 28 अगस्त, 2020 ● ● मूल्य : 20/- प्रति ●

माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय माननीय संरक्षक सदस्यगण

श्रीमान रमेशचंद कच्छवाहा
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम जोधपुर)

श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला
(समाजसेवी / भामाशाह)

श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी
(उद्योगपति / समाजसेवी)

श्रीमान नरपतसिंह सांखला
(बिल्डर्स / समाजसेवी)

श्रीमान नेमीचंद गहलोत
(उद्योगपति / भामाशाह)

श्रीमान पुखराज सांखला
(अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर)

श्रीमान बख्तसिंह चौहान
(जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)

श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा
(उद्योगपति)

श्रीमान भगवानसिंह गहलोत
(उद्योगपति / भामाशाह)

श्रीमान युधिष्ठर सिंह परिहार
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान सुरेश सैनी
(समाजसेवी)

श्रीमान (डॉ.) सुरेन्द्र देवड़ा
(हृदय रोग विशेषज्ञ, एम्स)

श्रीमान संपतसिंह कच्छवाहा
(शिक्षाविद् / समाजसेवी)

श्रीमान इंदरसिंह सांखला
(समाजसेवी)

श्रीमान नरेश सांखला
(कॉन्ट्रेक्टर / समाजसेवी)

श्रीमान प्रवीण सिंह परिहार
(बिल्डर / उद्यागपति)

श्रीमान रामेश्वरलाल कच्छवाहा
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान (डॉ.) पवन परिहार
(शिशु रोग विशेषज्ञ, पावना स्टेलाईट)

श्रीमान प्रीतम गहलोत
(व्यवसायी / समाजसेवी)

समाज की एक मात्र ऑन लाईन पत्रिका माली सैनी संदेश
आप कहीं भी पढ़नें के लिए लॉग ऑन करें :
www.malisainisandesh.com

हम अपनी श्रेष्ठता का सदुपयोग करें....

हम संत महापुरूषों को इसलिए याद करते है कि उन्होंने कल्याण का मार्ग अपनाया और निःस्वार्थ भाव से मानव समाज की सेवा की और सदुपदेश दि। यदि हम सब अपने जीवन की श्रेष्ठता का भी सदुपयोग श्रेष्ठ समाज के सृजन में करे तो कितना आनंददायक होगा ?

हमारा समजा उच्च आदर्शों से सुख शान्ति का रसास्वादन कर सकेगा। युग की परिस्थितियाँ ऐसी भयावह हो गई कि आज हर व्यक्ति अपने समाज के लिए शान्ति और संतोष चाहता है, उसके लिए मनप, वचन और कर्म से उत्साही होकर सज्जनता का व्यवहार करें और परस्पर प्रेम भाव बढ़ाएँ। कहते है निरूत्साही व्यक्ति का कोई वर्तमान और भविष्य नहीं होता। आगे वही बढ़ता है एवं लक्ष्य पूर्ति उसकी ही होती है जो समय के अनुसार प्रगति की रहा पकड़ लेता है। अनेक बार हम ऐसा सोच लेते है कि अभी नहीं बाद में कभी भी कर लेंगे। बहुत समय पड़ा है, पूरी जिंदगी करना ही करना है, ऐसी क्या जल्दी है ? यही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है और उदासीनता है। कल किसने देखा है ? वर्षो बीत गए पर हमारे समाज का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाया है। आज भी माली सैनी समाज शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में बहुत पीछे है। आर्थिक दृष्टि से भी अन्य कई समाज के मुकाबले हमारा समाज पिछड़ा है। हमारे व्यवसाय अब हर कोई जाति समाज ने छिन लिए है एवं घर घर हमारा धंधा पहुँच गया है लेकिन हम अपने दिल दिमाग से वहीं हैं जो दस पीढ़ी पहले थे।

हमारी सामाजिक परम्पराओं में और पारिवारिक जीवन में अपनी श्रेष्ठता का सदुपयोग करें। हम अपनी कुशलता को बढ़ाए, राजनीति में अधिक से अधिक प्रवेश करें और उच्च शिक्षा को बढ़ावा दें। हर व्यक्ति को समाजोत्थान की ललक उत्पन्न करें। सामाजिक एकता को मजबूत बनाएँ। बंधुओं इन पक्तियों को ध्यान से पढ़िए और सोचिए की क्या हम श्रेष्ठ समाज के सृजन के लिए तैयार हैं ? कहां हैं-

" अगर चाहते हैं, बने स्वर्ग धरती, तो समर्पण की सरगम बजानी होगी,
अगर कर सके हम सृजन श्रेष्ठ समाज का, तो दुनियाँ हमारी कहानी कहेगी।"

हमें सुनागरिक के नाते परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य एवं दायित्व का बोध होना चाहिए। हमारी धारणा यह नहीं रखे की समाज हमारे लिए क्या करता है ? बल्कि यह सोचें कि हम समाज के लिए क्या कर रहे हैं, और क्या कर सकते हैं ? यदि कोई अपनी प्रगति की ही कामना रख कर अपना काम करता है तो समाज का विकास कभी नहीं हो सकता। भला समूह में काम करने का जो मजा है, वह अकेले में नहीं। सामाजिक जीवन हमारा अनुशासन प्रिय हो, सामूहिक विवाह प्रथा का बढ़ावा दें दहेज के लालच को छोड़े और मद्यपान - धूम्रपान के संग न जाएं। गलत कदम से समाज रूग्ण होता है और अन्य जाति समाज के सम्मुख हमारे समाज की प्रतिष्ठा पर आँच आती है। हमारे मनोभाव नदी के बहते स्वच्छ पानी की भांति हो, लेकिन नियंत्रित भी रहे एवं पवित्रता का ध्यान रखें। आश्चर्य तो यह है कि हमारे बंधु न तो स्वप्रेरित है और न दूसरों के मार्ग दर्शन पर चलना चाहते हैं। तब चिन्ता सताती है और अफसोस होता है कि एक तरफ तो हम सृजन की बत करते हैं और दूसरी तरफ नाना प्रकार के बहाने बनाकर काम में रोड़ा अटकाने वाले होते हैं। तो श्रेष्ठ सृजन कैसे संभव हो सकता है ? श्रेष्ठता में ही खोट मिलाने की मानसिकता से समाज में बिखराव होता है। निर्णायक स्थिति बनानी होगी। आखिर हमारी क्या सोच है ? हम किन धातु तत्वों से बने हैं जो हम पर अपनेपन का रंग नहीं चढ़ रहा है ? समाज कोई व्यायामशाला तो हैं नहीं जहाँ हम शरीर का बल बढ़ा कर कुश्ती करें ? समाज के कल्याणकारी कार्यों के लिए तो मानसिक परिपक्वता और समझदारी की जरूरत है। उत्तम विचारों से ही समाज सशक्त होता है। समाज एक सुव्यवस्थित संस्था है। जिसे हम सद्प्रयत्नों से ही महान बना सकते हैं।

अतः हम अपनी जीजीविषा को आत्मबल से जोड़ कर अभावों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। इच्छा प्रधान व्यक्ति के लिए सब कुछ संभव होता है। प्रायः हम बड़े बड़े संतों महापुरूषों के नाम की दुहाई देते है और उनके बतलाएं आदशों का बखान कर लेते हैं पर उपदेशों के अनुरूप हम नहीं चलते है। हम आत्म निरीक्षण करें। सज्जन एवं योग्य व्यक्तियों का मान-सम्मान करें और मर्यादाओं तथा कर्त्तव्य पालन के संबंध में दृढ़ता अपनाएँ। इसे अपना चरित्र बनाएं।

मनीष गहलोत
संपादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

प्रशासनिक अधिकारी पारस सांखला भी बनें चीन में प्रथम सचिव

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत से राजेश परिहार की नियुक्ति

नई दिल्ली। लंबे समय के बाद भारत फिस रे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थाई सदस्य बना है। इस मिशन के लिए सुरक्षा परिषद् में सामान्य मुद्दों पर भारत की बात रखने, वक्तव्य देने व प्रतिनिधित्व करने के लिए सरकार ने जोधपुर में मथानियां के राजेश परिहार की नियुक्ति की है। जो हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। भारतीय विदेश सेवा के प्रशासनिक अधिकारी राजेश परिहार अक्टूबर में न्यूयार्क में जाईनिंग करेंगे और जनवरी 2021 से भारत की बतौर सदस्य की अवधि शुरू होगी। वे अभी भारत में चीन के राज दूतावास में प्रथम सचिव आर्थिक एवं वाणिज्यिक मामलों के मुख्या के महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत है।

ज्ञात रहे कि युवा राजेश इससे पूर्व भी विदेशों में देश का प्रतिनिधित्व कर समाज व देश को गौरवान्वित कर चुके है गौरतलब है कि मथानियां की लाल मिर्च प्रसिद्ध है तो अब यहां के एक लाल ने इस गांव की ख्याति बढ़ा दी है। गांव के किसान परिवार से निकले राजेश परिहार को 11 साल की सेवा में यह मौका मिला है जो कि हर किसी को नहीं मिलता है। अल्प समय में अपनी प्रशासनिक कार्यकुशलता के चलते राजेश परिहार ने यह मुकाम हासिल किया है। राजेश परिहार ने बताया कि पाकिस्तान व चीन से रिश्तों के चलते भारत का सुरक्षा परिषद् में पहुंचना कई मायनों में महत्वपूर्ण है और इसी मिशन में उन्हें यह जिम्मेदारी मिलना उनके जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

राजेश परिहार ने बताया कि वे गांव में ही पले पढ़े है और उच्च शिक्षा के लिए जोधपुर आ गए थे। वर्ष 2001 में ग्रेजुएशन करने के बाद यूपीएससी की तैयारी में जुट गए 2009 में चयन हुआ। वे सुरक्षा परिषद् में नियमित मुद्दों पर वे ही भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए उन्होंने अभी से तैयारी भी शुरू कर दी है। खासकर, अंतराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत की रणनीति और अब तक हुई बातों को उन्होंने रिकॉल करना शुरू कर दिया है। दरअसल, दो साल की यह सदस्यता भारत के लिए अति महत्वपूर्ण है, जिसमें भारत अपने वैश्विक महत्व के मुद्दें विश्व के सबसे शक्तिशाली परिषद की माध्यम से दुनिया के समक्ष रख पाएगा। भारत ने इसी साल जून में रिकॉर्ड 192 में से 184 मतों से यह सदस्यता हासिल की थी। इससे पहले भारत 2011-12 में भी सुरक्षा परिषद् का सदस्य रह चुका है।

पारस सांखला बनें भारतीय दूतावास में सचिव

इसी गांव के आई आर एस पारस सांखला की नियुक्ति बीजिंग दूतावास के प्रथम सचिव के पद पर हुई है। पारस सांखला की प्रथम नियुक्ति 2008 में होने के बाद वे कांडला व अहमदाबाद में 2014 तक असिस्टेंट कमिश्नर रहे। फिर तत्कालीन विदेश मंत्री अरूण जेटली के ओसीडी के रूप में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर चुके है। वर्तमान में पारस सांखला डीआरआई कस्टम के पद पर दिल्ली में कार्यरत है।

इन दोंनों ही अधिकारियों के परिवार आज भी खेती का कार्य ही करते है। पारस सांखला के बड़े भाई हीरालाल सांखला ने बताया कि पारस ने विपरीत परिस्थितियों में रहने के बावजूद परिवार, गांव व समाज के साथ ही देश का नाम रोशन किया है। विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों ने दोनों युवाओं को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की।

माली सैनी संदेश परिवार दोनों प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता है आप दोनों युवाओं ने अल्प समय में राष्ट्र की सेवा के लिए महत्वपूर्ण पदों पर अपनी उत्कृष्ट कार्यकुशलता से अपने माता पिता परिवार को गौरवान्वित करने के साथ ही समाज के प्रत्येक युवा को प्रेरित किया है कि कठोर अनुशासन, मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

माली सैनी समाज के प्रथम ऑन लाईन परिचय सम्मेलन में देश विदेश के 1 हजार युवक युवतियों ने लिया उत्साह से भाग

सम्मेलन में प्राप्त हुई सहयोग राशि से समाज की विधवा तलाकशुदा महिला की पुत्री का होगा विवाह

जोधपुर। बहुप्रतिक्षित माली सैनी समाज के प्रथम ऑनलाइन युवक युवति परिचय सम्मेलन में आज समाज के युवक युवतियों ने उत्साह से भाग लिया भाग। आज प्रात 11 बजे जूम एप के माध्यम से आयोजित हुए इस आनलाईन परिचय सम्मेलन में 11 बजे से लेकर 3 बजे तक देश के विभिन्न प्रेदशों के साथ ही विदेशों में रह रहे समाज के विवाह योग्य युवतियों ने एवं उनके परिजनों ने अपना परिचय बेबाकी से दिया ।

सम्मेलन के आयोजक मनीष गहलोत ने बताया कि इस कोरोना काल में युवक युवतियों के परिजनों की बेहद मांग थी कि हम अपने विवाह योग्य बच्चों के लिए किस प्रकार घर बैठे जीवन साथी को चुन सकते है तो यह बात जब शिक्षाविद् भामाशाह निर्मल गहलोत से साझा कि तो उन्होंने सहर्ष अति आधुनिक सुविधा युक्त स्टूडियों उत्कर्ष के स्टूडियों में इस आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी। 15 जुलाई से लेकर 15 अगस्त तक करीब 1 हजार रजिस्ट्रेशन हुए थे। आज के आनलाईन आयोजन के लिए आल इण्डिया माली सैनी समाज के राष्ट्रीय सचिव समाजसेवी धमेन्द्र सांखला, समाजसेवी एवं राजनीतिज्ञ श्रीमती मीना सांखला तथा युवा महिला छात्रा नेता दिव्या गहलोत सांखला ने एंकरिग की एवं युवक युवतियों का उत्साह वर्धन करने के साथ ही उनके भावी जीवन साथी के बारे में चर्चा की।

समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों ने अपने बारे में जानकारियां साझा की तथा अपने होने वाले जीवन साथी के बारे में भी अपनी प्रमुखताएं बताई। किसी ने अग्रेजी में तो किसी ने देशी मारवाड़ी अंदाज में अपना परिचय दिया। यहीं नहीं विदेशों में रह रहे समाज के एनआर आई ने अपने देश की संस्कृति के अनुरूप राम राम सा कहकर अपना परिचय मातृ भाषा हिन्दी में दिया। परिचय देने के लिए सभी युवक युवति एवं उनके परिजन ऑन लाईन बैठे रहे तथा अपना नंबर आने पर अपनी शिक्षा एवं जॉब के बारे में जानकारियां साझा की। समाज की बेटियों ने बेबाकी से अपनी बात रखी तथा बताया कि इस आयोजन के माध्यम से हमें ज्ञात हुआ कि हमारा समाज देश विदेश में बड़ी संख्या में फेला है साथ ही उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा में भी अपनी योग्यता से अनेकों सरकारी विभागों में पदस्थापित है। परिचय सम्मेलन में डॉक्टर युवक की प्राथमिकता डॉ युवति की थी तो बैगलोर और पूना सहित आईटी क्षेत्र में मल्टी नेशनल कंपनियों में कार्यरत युवक युवतियों की प्राथमिकता आईटी क्षेत्र से जुड़े जीवन साथी को तलाश रही थी। सूरत से जुड़े हीरा व्यवसायी को अपने लिए घर कार्य में दक्ष जीवन साथी की तलाश थी। तो तहसीलदार पद पर कार्यरत युवति की प्राथमिकता सरकारी अधिकारी की थी। कोलकता एवं चैन्नई में रह रहे सीए और जयपुर में एलएल एम कर चुकी युवतियों को सीए एवं वकील जीवनसाथी को चुनने की प्राथमिकता बताई।

विदेशों में रह रहे युवक युवतियों एवं उनके परिजनों की अधिकतर की मांग भारत में संस्कारित और भारतीय संस्कृति में पली बढ़ी युवति की थी। परिचय सम्मेलन के बीच में शिक्षाविद् निर्मल गहलोत ने भी ऑन लाईन उपस्थित हो युवक युवतियों को जीवन साथी चुनने के लिए मिले इस प्लेटफार्म से ज्यादा से ज्यादा फायदा उठानें की बात करते हुए कहा कि जो भी अपना परिचय दे रहे है वो वास्तविक जानकारियों के साथ दे तथा अपनी बात खुल कर करे क्योंकि वो अपने जीवन भर के लिए साथी को चुन रहे है उन्होंने इस अनूठे अयोजन के लिए आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए सुव्यवस्थित आयोजन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समाज की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूरे समय ऑन लाईन रह युवक युवतियों का मागदर्शन करती रही। नागपुर के समाज सेवी



एवं उद्यमी किशन पंवार जो कि स्वयं करीब 10 वर्षों से निःशुल्क मैरिज ब्यूरों के माध्यम से सैकड़ों समाज के युवक युवतियों का विवाह करा चुके है उन्होंने ऐसे आयोजन की महत्ता पर जोर देते हुए इसके नियमित प्रचार प्रसार के साथ साल में एक से अधिक बार करने का सुझाव दिया। समाजसेवी मेहर्दी व्यवसायी ताराचंद गहलोत ने आयोजन के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे पाली जिले के संयोजक का दायित्व मिला तथा मैनें अधिक से अधिक युवक युवतियों को जोड़ने का कार्य किया। कोविड 19 के चलते कुछ डॉक्टर्स अपनी ड्यूटी पर थे तो उनके परिजनों ने उनका परिचय प्रदान किया।

आयोजक मनीष गहलोत ने बताया रजिस्टर्ड युवक युवतियों में समाज के उद्योगपति, एक्सपोर्टस, हीरा व्यवसायी, सीए, सीएस, पूर्व रणजी खिलाड़ी, पुलिस सेवा में कार्यरत, सेना में देश के लिए सेवाएं प्रदान करने वाले युवक, इंजिनियर्स, डॉक्टर्स, सरकारी अधिकारी, बैंक ऑफिसर, टी. वी. एक्टर्स, शिक्षक, सरकारी कर्मचारियों के बायोडाटा प्राप्त हुए थे और यह बॉयोडाटा मिलने का सिलसिला आज भी जारी है। आयोजकों ने उन सभी को पीडीएफ फाईल के माध्यम से सभी प्रतिभागियों की जानकारी सोशल मिडिया के माध्यम से कल ही भेज दी गई जिससे वो अपने भावी जीवन साथी का आसानी से चुनाव कर सकें। सभी प्रतिभागियों के संक्षिप्त जीवन परिचय का भी जूम एप में पीपीटी के माध्यम से प्रचार किया गया। सम्मेलन के लिए राजस्थान के अलावा, कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, नई दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार प्रदेश के भी प्रतिभागीयों ने भाग लिया। साथ ही अमेरिका, इंग्लैंड, इटली, कैन्या सहित विदेश में रह रहे समाज के एन.आर. आई. परिवार के युवक युवतियों ने भी अपना परिचय दिया। इसके अलावा दिव्यांगों के साथ ही विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा युवक युवति ने भी अपने बारे में जानकारियां साझा की।

आयोजन की सफलता के लिए देश के विभिन्न जिलों में संयोजकों की भी नियुक्ति की गई थी जिसमें उदयपुर से दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार जयप्रकाश माली, पाली से वरिष्ठ समाजसेवी ताराचंद टाक, बाड़मेर से सी. पी. गहलोत, अजमेर से समाजसेवी प्रदीप कच्छवाहा, जैतारण से वरिष्ठ समाजसेवी पन्नालाल माली, बीकानेर से आनंद सिंह गहलोत, सीकर से वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल सैनी, डीसा गुजरात से रमेश माली, भोपाल मध्य प्रदेश से वरिष्ठ समाजसेवी गजानंद भाटी, ब्यावर से युवा समाज सेवी नरेन्द्र गहलोत, नागौर से पत्रकार जगदीश यायावर, मुंबई से कवि एवं पत्रकार दिनेश्वर माली, सिरोही से युवा समाज सेवी प्रकाश माली, मेड़ता से जितेन्द्र माली, सरदार शहर से आर्टिस्ट ताराचंद सैनी, हरियाणा एवं पंजाब से सैनी युथ फैडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, झुंझुनु से नरेश बंगड़, जयपुर से अनोखी सेवा संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, अलवर से शिक्षाविद् मुकेश सैनी को संयोजक बनाया गया था। सभी संयोजकों ने परिचय सम्मेलन की सफलता के लिए प्रयास किया और इस आयोजन के लिए 1 हजार से ज्यादा युवक/यवुतियों के सोशल मिडिया के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने पर आयोजन समिति ने सभी का आभार प्रकट किया। आयोजन समिति द्वारा शीघ्र ही इन सभी रजिस्टर्ड युवक युवतियों के परिचय की एक पुस्तिका का भी प्रकाशन किया जाएगा। इस परिचय सम्मेलन में करीब 450 युवक/युवतियों एवं उनके परिजनों द्वारा 45,000 रूपये की सहयोग राशि प्रदान की गई है इस सहयोग राशि से पत्रिका परिवार समाज की विधवा/ तलाकशुदा महिला की पुत्री का विवाह कराने का निर्णय लिया गया तथा सम्मेलन में घोषणा की गई कि आवश्यकता पड़ने पर समाज के भामाशाहों एवं आयोजन समिति भी इसमें आर्थिक सहयोग करेगा एवं इसके लिए शीघ्र ऐसे परिवार का चयन होगा।

सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस सम्मेलन के अंत में आयोजन समिति की और से सभी प्रतिभगियों को भावी जीवन साथी चुनने के लिए शुभकानाएं प्रेषित करते हुए आयोजन में सक्रिय सहयोग करने वाले सभी संयोजकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया गया।

धमेन्द्र गहलोत बनें महासभा के अध्यक्ष

अजमेर। सुंदर विलास स्थित माली सैनी धर्मशाला में अजमेर माली सैनी महासभा की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्वतमान महापौर धर्मेन्द्र गहलोत को महासभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

महासभा का संरक्षक हनुमान कच्छावा, सचिव वीरेन्द्र चौहान और गजेन्द्र दत्त कोषाध्यक्ष बने। बैठक में महासभा के बनाए गग 15सौ से अधिक सदस्यों सहित सभी लोगों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर चर्चा की। समाज के लोगों को संस्थान से जोड़ने सहित नए सामाजिक कार्यों को लेकर विचार विमर्श हुआ।

महेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजिक की गई बैठक में चेतन सैनी, धर्मेन्द्र चौहान, विनोद गढ़वाल, हेमराज सिसोदिया, भागचंद पंवार, चांदमल दगदी, धर्मेन्द्र टाक, जितेन्द्र मारोठिया, श्याम सुंदर पंवार, माखनलाल मारोठिया, नोरतमल कच्छावा, पृत्वीराज सांखला, प्रदीप कच्छावा और शिवप्रताप इंदौरा सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

असिस्टेंट कमाडेंट शिवरतन गहलोत राष्ट्रपति पुलिस पदक से होगें सम्मानित

शिवरतन गहलोत को कारगिल युद्ध मे उत्कृष्ट पराक्रम के लिए यह सम्मान मिला है। आपको पूर्व में भी ऑपरेशन विजय पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

आप वर्तमान में Frontier IG के पीएस पद पर जोधपुर पोस्टेड है। हमे आप पर गर्व है

बीएसएफ के असिस्टेंट कमाडेंट शिवरतन गहलोत को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

इंग्लैड में डीडवाना के 10 वर्षीय रवि सैनी ने समुद्र में 1घंटे जिंदगी से जंग लड़ बचाई जिदंगी

डीडवाना। हौसले बुलंद हो तो प्राण संकट में आ जाने पर भी जिदंगी की जंग जीती जा सकती है। ऐसी ही स्टोरी है 10वर्षीय रवि सैनी की।

जिसने हौसला पस्त नही होने दिया। पिछले दिनों डीडवाना मूल के बालक रवि सैनी के साथ एक ऐसी ही घटना घटी जो उसे बहुत कुछ सीखा गयी। यह अनुभव बेहद ही खतरनाक था जिसकी कल्पना शायद हम भी नहीं कर सकते। सैनी अपने परिवार के साथ उत्तरी इंग्लैड में रह रहा है। उत्तरी इंग्लैड में समुद्र तट पर वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ यात्रा पर गया लेकिन वह समुद्र में बह गया। वर्ल्ड मीडिया में भी सैनी का बार-बार जिक्र किया गया और क्यों न हो। 10 वर्ष बच्चे ने हौसले का वह पाठ पढ़ाया जिसकी तारिफ खुद रेस्क्यू टीम ने भी की। रवि सैनी ने एक घंटे से अधिक समय तक लहरों से लड़ने में सक्षम था क्योंकि उसे स्विमिंग आती थी। सैनी समुद्र में होकर भी स्वीमिंग करने और हो रही घबराहट पर भी काबू पाया। परिजनों ने तुंरत घटनाक्रम की जानकारी सीनीय प्रशासन को दी। रवि ने कहा उसने फ्लोर टू लाइव तककनीक देखी वह शांत रहकर स्टारफिश की तरह फेल गया। मीडिया से बातचीत में सैनी ने अपने बचाव के संदर्भ में कहा कि ''मुझे ऐसा लग रहा था कि आखिरकार जीने का दूसरा मौका मिल गया है।'' लीड्स के स्कूल छात्र रवि अपने परिवार के नाथुराम मां पुष्पा देवी और नौ वर्षीय बहन मुस्कान के साथ दक्षिण खाड़ी में समुद्र तट पर थे। वह अपने पिता और बहन के साथ पानी में चला गया जब उसने देखा तो वह गहरे पानी में था मदद की गुहार लगाई तो पिता ने बचाने की कोशिश की लेकिन पानी बहुत ज्यादा था। समुद्र में 1घंटे बिताने के बाद उसने जीवनरक्षक इंजन को पास आने की आवाज सुनी। स्कारबोरो में लाइफबोट चालक दल को सैनी ने धन्यवाद दिया और आखिरकार लम्बे संघर्ष के बाद सैनी को नया जीवनदान मिल गया।

श्री जितेन्द्र सिंह भाटी को ऑल इंडिया इंडियन ओवरसीज बैंक के ओ बी सी स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

30 लाख रुपए से कराया जा रहा निर्माण, 90 गांव के बच्चों को होगी सुविधा

माली समाज का छात्रावास भवन का चार महीने में बनकर होगा तैयार

श्योपुर। शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े माली समाज द्वारा नई पीढ़ी को अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर 30 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधा युक्त 100 सीटर छात्रावास का काम करीब 75 प्रतिशत हो गया है। शहर से सटे ग्राम जैदा में छात्रावास भवन का निर्माण कार्य अब छत लेवल चल रहा है। माली समाज की छात्रावास निर्माण समिति ने शुक्रवार को प्रगति की समीक्षा करते हुए इसी साल दिसंबर तक काम कंपलीट होने की संभावना बताई है।

साल 2021 की शुरुआत में छात्रावास का संचालन शुरू कराने का लक्ष्य है। छात्रावास बनने पर जिले के 90 गांव में बसे माली समाज के बच्चों को शहर में पढ़ाई के लिए आवासीय सुविधा मिलने के साथ ही शादी विवाह और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में उपयोग हो सकेगा। 90 गांव में बसे माली समाज के सभी लोगों के आर्थिक सहयोग से30 लाख रुपए में इस छात्रावास की नींव गत वर्ष माली महासभा के जिलाध्यक्ष स्व. मनोहर सुमन ने रखी थी। ग्राम जैदा में 5 बीघा क्षेत्रफल में यह छात्रावास 100 सीटर होगा। 200 फीट लंबा और 16 फीट चौड़ा एक हॉल बनकर तैयार है। जबकि 100 फीट लंबा और 22 फीट चौड़ाई में छात्रों के रहने के लिए कमरों का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है। सत्यनारायण सुमन, सचिव, छात्रावास समिति माली समाज श्योपुर ने बताया कि जैदा में सर्वसुविधायुक्त छात्रावास भवन का काम लगभग 75 प्रतिशत हो गया है।अगले 4 महीने में काम पूरा करा लिया जाएगा। दिसंबर और जनवरी के मध्य छात्रावास भवन समाज को समर्पित करने का लक्ष्य है।

छात्रावास के दो बीघा में पार्क किया जाएगा विकसित

जैदा में माली समाज के छात्रावास भवन पर दो बीघा में पार्क विकसित होगा। छात्रावास समिति की देखरेख में इस पार्क में फल, फूलदार व छायादार प्रजातियों के 200 पौधे लगाए गए हैं। मैदान में हरी घास लगाई गई है। पौधों की देखभाल के लिए चौकीदार व सिंचाई के लिए ट्यूबवेल लगाया गया है।। समिति का कहना है कि छात्रावास में बच्चों को हरियाली से प्रा तिक माहौल में रहने के लिए गार्डन तैयार किया जा रहा है।

महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्री बाई फूले की प्रतिमा भी होगी स्थापित

छात्रावास कैंपस में शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले और शिक्षा की देवी माता सावित्री बाई फूले की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। छात्रावास के शुभारंभ के मौके पर प्रमिमा का अनावरण होगा। अभी कार्यक्रम की तिथि तय नहीं हुई है। दिसबंर माह के अंत या जनवरी 2021 की शुरूआत में छात्रावास का शुभारंभ करने की योजना है।

छात्रावास निर्माण समिति ने भवन की प्रगति समीक्षा बैठक की। बताया गया है कि छत, प्लास्टर और फिनिशिंग का काम दिसंबर तक पूरा कर दिया जाएगा। छात्रावास समिति के सदस्य रामहेत सुमन, मांगीलाल, सीयाराम, रघुवीर, पारस सुमन, जगदीश, शंकरलाल, रामकिशन, भीमराज, सुरेश सुमन, गोवर्धन, सत्यनाराण माली आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

डॉ. शुभम मौर्या प्रतापगढ़ में चिकित्साधिकारी के पद पर है तैनात

आईएएस बना शुभम मौर्या, मिली 576 वीं रैंक, तीसरे प्रयास में मिली सफलता

ज्ञानपुर। भदोही जिले के एक और लाल ने कमाल कर दिया। ज्ञानपुर के शुभम मौर्या ने यूपीएससी की परीक्षा में 576वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस कामयाबी पर समूचे जिले में खुशी है। भदोही के पूर्व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरबी मौर्या के पुत्र शुभम शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उनकी नर्सरी से 12वीं तक की पढ़ाई गोपीगंज स्थित सेंट थॉमस स्कूल से हुई है।

उन्होंने बातचीत में बताया कि एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग से स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सक के पद पर उनका चयन हो गया था। पिछले तीन महीने से वह प्रतापगढ़ जिले के बेलखरनाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्साधिकारी हैं। मगर सिविल सेवा में जाने की इच्छा हमेशा बनी रही। लिहाजा इसके लिए प्रयास जारी रखा।

बताया कि उन्होंने तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। उनका साक्षात्कार 27 फरवरी को दिल्ली में हुआ था। वह अपनी सफलता में माता-पिता और गुरुजनों का खास सहयोग मानते हैं। शुभम की सफलता पर यहां उनके स्कूल सेंट थॉमस गोपीगंज में खुशी का माहौल रहा। गौरतलब है कि शुभम की मां डॉ. कल्पना मौर्या शिक्षिका रही हैं। उनका परिवार ज्ञानपुर जिला मुख्यालय से लगे जोरई गांव में रहता है।

मौर्या विकास समिति ने शुभम की सफलता की सूचना मिलते ही आवास पहुंचकर उनका अभिनंदन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार मौर्या की अगुवाई में पहुंचे पदाधिकारियों ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है। इसके बाद उन्होंने शुभम का माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर संगठन मंत्री हरीशचंद्र मौर्या, जिला सचिव विमलेश मौर्या, राधेश्याम कुशवाहा, लालजी मौर्या आदि लोग उपस्थित थे। वक्तओं ने कहा कि इस समय पूरे जिले में समाज के 10 आईएएस ऑफिसर हो गए है। इन सभी का भदोही जिले की ओर से बधाई देने का वक्त है। माली सैनी संदेश परिवार शुभम को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं करता है।

युवा विभव सैनी बनें आईएएस समाज में खुशी की लहर



रूड़की। रूड़की के युवा पुलिस अधिकारी विभव सैनी ने सिविल सर्विस की परीक्षा पास कर क्षेत्र को नाम रोशन कर दिया है। रूड़की नगर निगम क्षेत्र के ग्रा सलेमपुर राजपुताना के मूलत: निवासी राजकुमार सैनी सिंचाई विभाग रूड़की में सेवारत है। उनके पुत्र विभव सैनी तो कि वर्तमान में नरेन्द्र नगर सीओ की ट्रेनिंग कर रहे है।

उन्होंने अब आईएएस परीक्षा पास करने कर ऊँची सफलता अर्जित की। विभव की एकलौती बहन विभा सैनी पंतनगर यूनिवर्सिटी में एमएससी की पढ़ाई कर रही है। माता सुनीता सैनी गृहणी है। बेटे की इस सफलता पर पिता राजकुमार सैनी व उनकी माता सुनीता बेहद खुश है। साथ ही जब यह सूचना समाज व क्षेत्र के लोगों को लगी, तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई। विभव सैनी की इस सफलता पर लोजमो के संयोजक सुभाष सैनी व उनकी टीम ने आईएएस विभव सैनी को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी साथ ही परिवार के सभी सदस्यों से मिलकर एक दूसरे का मुंह मीठा करा खुशियां मनाई गई। सुभाष सैनी ने कहा कि इस होनहार बालक ने रूड़की शहर के साथ ही जनपद हरिद्वार व उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया है।

समाज की अनेकों संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने विभव की इस सफलता पर बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं की।

इसके अलावा भी समाज के युवा बिहार नालंदा जिला निवासी अभिमन्यु कुशवाहा ने यूपीएससी 2020 की परीक्षा में 486रैंक एवं खगरिया जिला निवासी अमरदीप ने 468 स्थान प्राप्त की है आशा है कि देश के नवनिर्माण में आप भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज के दीपक सैनी, अभिषेक कुशवाहा, अभिषेक सैनी, अदिति कुशवाहा, श्वेता सुमन ने भी सिविल सर्विस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है हम सभी सफल युवाओं को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

गीता माली ने अपनी तीन बीघा जमीन राजहित में विद्यालय के लिए की समर्पित

प्रदेश की एकमात्र शिक्षिका गीता माली राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से होगी सम्मानित

गीता माली ने महात्मा फूले व सावित्री बाई फूले के संघर्ष की याद को किया ताजा, कड़े संघर्ष से प्राप्त की अनेकों सफलताएं

बाड़मेर। इस साल शिक्षक दिवस पर राजस्थान की एकमात्र बाड़मेर जिले के राजकीय शिक्षाकर्मी प्राथमिक विद्यालय सरूपोणी मालियों का बास सरकापार- बांदरा की प्रबंधक शिक्षिका गीता माली राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 220 से 5 सितंबर को दिल्ली में सम्मानित होगी।

गीता माली ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई गांव की बालिका विद्यालय से की। वो भी समाज के ताना- बाना से आगे की पढ़ाई की इच्छा जताई तो पिता ने मना कर दिया और कहा बेटी के लिए इतनी पढ़ाई बहुत है तो गीता ने अपने पिता को कहा भाईयों को पढ़ा रहे हो और मुझे घर का काम करने के लिए घर पर रख रहे हो तो पिता ने बताया कि लड़कियों को लड़के के साथ नहीं पढ़ा सकते है।पिता द्वारा लड़के लड़की में यह भेदभाव देखकर गीता दो साल तक परिजनों से रूठी रही।सन् 2000 में गीता की शादी कवास गांव के लक्ष्मणराम पुत्र रेवन्ता राम माली के साथ कर दी। जैसे ही गीता ससुराल आई तो गांव की महिलाएं कहने लगी कि बहू पढ़ी लिखी आई है देखते है घर पर कामकाज कैसे करेगी। ससुराल की लड़कियों से गीता ने पूछा तो बताया कि यहां की लड़कियां तो स्कूल जाती ही नहीं हैं। लड़के भी 12वीं तक पढ़कर काम धंधा करने लग जाते है। तब गीता ने मन ही मन सोचा अब मेरी पढ़ाई का क्या होगा ?

फिर जैसे तैसे पिताजी से पढ़ाई की जिद्द करके प्राईवेट से दसवीं पास की। 2002 में शिक्षाकर्मी बोर्ड की टीम गीता के गांव पहुंची। बोर्ड की योजना दूरदराज गांव ढ़ाणियों में स्कूल खोलना था। टीम के साथ गीता के पिता भी थे। गीता को आगे पढ़ाने की जिद्द के आगे पिता ने ससुराल पक्ष से बात की तो जवाब मिला कि आपकी बेटी पीकरी करेगी तो बेटा चूल्हा-चौका करेगा क्या ? टीम ने घर के दो लोगों को सरकारी नौकरी लगाने व मानदेय 1200 रूपये देने की बात कही तो जैसे तैसे गीता के ससुराल वालों ने गीता के पति के हिस्से की उनके ससुर रेंवताराम पुत्र आशु माली निवासी सरकापारा बांदरा खसरा संख्या 998/732 रकबा की तीन बीघा जमीन विद्यालय के लिए राजहित में दान की तब बोर्ड ने गीता को योजना में शामिल किया। गीता के पति व ससुर खेतीबाड़ी का काम करते है। गीता के एक लड़का व एक लड़की है। कार्यग्रहण का आदेश आते ही पेड़ के नीचे कक्षा एक चालू कर पढ़ाना शुरू किया तो पांच साल में नामांकन संख्या 75 हो गई। साथ साथ में गीता ने भी आगे पढ़ाई जारी रखी और सन् 2004 में 12वीं की परीक्षा दी परंतु अंग्रेजी विषय पास नही कर पाई फिर अगले साल 12वीं कक्षा पास की और उसके बाद पढ़ने का तरीका बदला। घर व खेत का कामकाज करते समय प्रश्न उत्तर की छोटी-छोटी पर्चियां बनाकर दो किलोमीटर दूर से पाली लाते व जाते समय पढ़ती थी। परीक्षा के समय पीहर में जाकर परीक्षा देना।

सन् 2005 में बी.ए. प्रथम वर्ष पास की। उन दिनों सरकारी आदेश आया कि 12वीं पास वालों को पत्राचार से बीएसटीसी कराया जाएगा तो गीता का मनोबल ओर बढ़ गया और पढ़ाई निरंतर जारी रखी। बीएसटीसी में बहुत समस्या का सामना करना पड़ा क्योंकि उसमें सफेद साड़ी वाली यूनिफॉर्म पहननी पड़ती थी। प्रशिक्षण सेंटर पर यूनिफॉर्म पहनना और वहीं बदलकर आना नहीं तो समाज कहता बहू को सफेद पहना दिया। इसी सत्र में 21 अगस्त 200 में कवास गांव में आई बाढ़ ने गीता की जिंदगी की रफ्तार में कोहराम मचा दिया। उस बाढ़ग्रस्त से कवास गांव के आसपास के लोगों की मृत्यु हो गई जिसमें 15 बच्चे गीता के विद्यालय के थे। इस दुख के कठिन समय में घरों और टेंट में गीता ने स्कूल चलाया। साथ ही पत्राचार से बीएसटीसी की पढ़ाई भी जारी रखी। बीएसटीसी करने पर सन् 2008 में साक्षात्कार द्वारा गीता को स्थाई कर्मचारी माना गया। सन् 2009 में गीता ने बी.ए. पास कर लिया और सन् 2011 में समाज को समझने के लिए समाजशास्त्र में एम. ए. किया।

समाजशास्त्र विषय में अज्ञानता, अंधविश्वास, कुरीतियों, रूढ़िवाद को गीता ने पढ़ा और समझा। उन बेड़ियों से लड़ने के लिए गांव की महिलाओं व लड़कियों को पढ़ाने का काम किया। साथ ही गीता ने तीन विषयों में एम. ए. कर लिया। विद्यालय में कमजोर वर्ग की लड़कियों को गीता ने पढ़ाया जिसमें एक लड़की तृतीय श्रेणी की शिक्षिका है जो जसोल में अध्ययन करा रही है।

आज गीता के गांव की महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी है। बालिकाएं बी.ए. तक पढ़ाई कर रही है। एक घर से तीन महिलाएं सरकारी नौकरी कर रही है। कभी वर्षों पहले लड़कियों को पढ़ाया नहीं जाता था आज पढ़ रही है तो हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही है। गीता की स्कूल की गतिविधियों को देखकर शिक्षा विभाग द्वारा तहसील व जिला स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकी त एवं अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय केसर सिंह जी चम्पावत बाड़मेर जिला अध्यक्ष श्री हनीफ खान प्रदेश प्रवक्ता गुमान सिंह गहलोत ने बहिन गीता माली का राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान से एक मात्र प्रबोधक का शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने हेतु चयनित होने पर बाड़मेर स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर गुलदस्ता एवं शाल भेट कर उन्हे बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी ।

बहिन गीता माली द्रप्रबोधक ऋने संघर्ष व अभावो की जिंदगी जीते हुए शिक्षाकर्मी से अपना सफर शुरू किया ओर प्रबोधक केडर पर चयन हुआ ओर आज राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हेतु चयनित होने पर पुरे प्रबोधक वर्ग मे खुशी की लहर है बहिन गीता जी ने प्रबोधक संघ का पुरे प्रदेश मे मान सम्मान बढ़ाया है प्रबोधक संघ को बहिन गीता जी पर नाज है

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकी त एवं अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय केसर सिंह जी चम्पावत बाड़मेर जिला अध्यक्ष श्री हनीफ खान प्रदेश प्रवक्ता गुमान सिंह गहलोत ने बहिन गीता माली का राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान से एक मात्र प्रबोधक का शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने हेतु चयनित होने पर बाड़मेर स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर गुलदस्ता एवं शाल भेट कर उन्हे बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी ।

राष्ट्रीय फूल बिग्रेड की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर

प्रथम आयोजन में ही रक्तदान करने उमड़े युवा

रिकॉर्ड 352 यूनिट रक्त संग्रहित

मालपुरा। राष्ट्रीय फूल बिग्रेड की ओर से रविवार को मालपुरा शहर के प्रथम स्वैच्छिह विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया, नगर पालिका अध्यक्ष आशा महावीर नामा व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जी एल शर्मा तथा थानाधिकारी दशरथ सिंह राठौड़ ने महात्मा ज्योति बा फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तथा फीता काटकर विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय फूले बिग्रेड की ओर से मालपुरा शहर में प्रथम बार आयोजित किए गए शिविर के शुभारंभ पर ही बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान के लिए अपना जोश दिखाया जिसके चलते शिविर की आधी अवधि में ही करीब 200 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर दिया। शिविर में कुल 352 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया वही रक्तदान करने के लिए युवाओं की कतार लगी रही। शिविर में राष्ट्रीय फूले बिग्रेड के राष्ट्रीय संयोजक चंद्रप्रकाश सैनी ने भी शिविर में शिरकत की तथा युवाओं का हौसला बढ़ाया।

शिविर के दौरान राष्ट्रीय फूले बिग्रेडछ के जिला प्रमुख रमेश सैनी, तहसील प्रमुख राकेश सैनी सहित महावीर सैनी व अन्य युवाओं ने सक्रिय योगदान देते हुए शिविर को सफल बनाय। उन्होंने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वाले रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ ही सुरक्षा के लिए हेलमेट भेंट की गई। वहीं मालपुरा शहर में प्रथम बार आयोजित शिविर ऐतिहासिक शिविर बन गया जब फूले बिग्रेड के युवाओं के सक्रिय योगदान से मालपुरा शहर में आयोजित पहली बार आयोजित किसी शिविर में 352 यूनिट रक्त संग्रह किया गया उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले युवाओं की कतारें दिनभर लगी रही। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए सामाजिक आयोजन के लिए इतनी बड़ी संख्या में पधारने पर हार्दिक आभार ज्ञापित किया।

ऑल राजस्थान दुकानदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार टाक आये लक्ष्मनगढ

ताराचंद सैनी बनें ऑल राजस्थान दुकानदार महासंघ के तहसील अध्यक्ष

लक्ष्मनगढ 9 अगस्त। ऑल राजस्थान दुकानदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार टाक लक्ष्मनगढ आये तथा दुकनदारों की समस्याओ से रूबरू हुए इस अवसर पर महासंघ के तहसील अध्यक्ष के रूप मे ताराचंद सैनी को मनोनीत किया है।

इससे पूर्व टांक का यहा तोदी कालेज के सामने स्थित सिगोदिया ट्रेडिंग कम्पनी पर महासंघ के प्रदेश योजना सलाहकार पत्रकार बाबूलाल सैनी के नेतृत्व मे माल्यार्पण कर स्वागत किया गया श्री टाक के साथ आये महासंघ के शंकर बाक्सर,

शशिकान्त शर्मा, चन्द्रमोहन पारीक, का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया इस अवसर पर उन्होने दुकानदारों को होने वाली परेशानी को प्रशासनिक व सरकारी स्तर हर स्तर पर समाधान कराने का विश्वास दिलाते हुए महासंघ से जुड़ने का आव्हान किया इस अवसर झावरमल सिगोदिया, सज्जन कुमार सैनी, महेन्द्र सैनी, लक्ष्मनगढ नागरिक परिषद युवा प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष जगदीश सैनी, एडवोकेट सत्यनारायण सैनी, पार्षद राकेश सैनी, राकेश टांक, राजकुमार सैनी, ताराचंद सैनी, व्याख्याता जयप्रकाश सैनी, राजेश(राजू) सैनी, बजरंग सिगोंदिया, विकास सैनी, रतन सैनी, सुरेश सैनी आदि मौजूद थे।

छोटी उम्र में बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर अनिल सैनी बने थे बैंक प्रबंधक

लक्ष्मणगढ़ सीकर। कम उम्र मे बड़ी उपलब्धी कड़ी मेहनत संघर्ष व भाग्य से मिलती है ऐसे ही भाग्यशाली युवक है लक्ष्मणगढ़ के वार्ड 19 निवासी अनिल सैनी है।

करीब 12 वर्ष की उम्र मे पिता के निधन के बाद कठिन दौर व संकट का सामना करने वाले अनिल सैनी ने अपने संघर्ष व कड़ी मेहनत के दम पर महज 19 वर्ष की आयु मे बैक प्रबंधक के रूप मे चयनित हुए शुरूआती दौर मे पिता के देहान्त के बाद अपने बड़े भाई की दुकान पर व्यवसाय मे सहयोग करने लगे, अपनी पढ़ाई के साथ साथ परिवार की जिम्मेदारी निभाने लगे इसी दौरान भाग्य ने साथ दिया और 2014 मे राजस्थान बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामिण बैक में प्रबंधक के रूप मे चयनित हुए इतनी छोटी उम्र मे बैंक प्रबंधक रूप मे चयनित होने वाले अनिल लक्ष्मणगढ़ सैनी समाज के पहले व्यक्ति है जिन्होंने इतनी छोटी उम्र मे इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की।

बैंक मे चयनित होने पर सबसे पहली नियुक्ति डिगाल जिला झुन्झुनू मे मिली। वर्तमान मे डुण्डलोद जिला झुन्झुनू स्थित बैंक मे शाखा प्रबंधक है, श्री सैनी ने अपनी तैयारी एसबीआई के अधिकिसर चूरू निवासी लीलाधर इन्दौरिया के मार्गदर्शन मे जोधपुर स्थित माली संस्थान मे करीब आठ माह तक कड़े संघर्ष व मेहनत के साथ कोंचिंग की तथा सफलता हासिल की अपने व्यवहार कुशलता व कार्य के प्रति लगन के चलते बैंक यूनियन मे पदाधिकारी बन शेखावाटी के बैंक कर्मियो के अधिकारो के लिए संघर्ष कर अपनी केन्द्रीय कार्यालय मे पकड़ बनाई अपनी कार्य कुशलता व सराहनीय

सेवाओ के लिए अनेको बार सम्मानित हो चुके है। श्री सैनी ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा आदर्श विधा मंदिर से प्राप्त कर उच्च शिक्षा बगड़िया स्कूल से तथा कालेज की डिग्री सीकर से हासिल करने के बाद जोधपुर मे बैंक की तैयारी कर छोटी सी उम्र मे बड़ी उपलब्धी हासिल की।

